आकाशवाणी चंडीगढ़

27 अप्रैल 2025 समय 1810

<u>मुख्य समाचार</u>

--प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आंतकी हमले के दोषियों को और इसकी साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

--श्री मोदी ने कहा कि आंतकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक राष्ट्र के रूप में सभी कों दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रदर्शन करना होगा।

--प्रधानमंत्री ने सभी से एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुडने की अपील की।

--श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि विज्ञान और नवाचार के प्रति बढ़तय आकर्षण भारत को नयीं ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

--मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से भगवान परशुराम जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और इसकी साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा।

आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में आज देश को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने इस महीने की 22 तारीख को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह हमला आतंकवाद के आकाओं की हताशा और कायरता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में शांति का लौटना, लोकतंत्र का मजबूत होना और पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि भारत और जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को रास नहीं आ रही थी। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवादियों और आतंक के आकाओं ने कश्मीर को फिर से तबाह करने के लिए यह साजिश रची।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में एक राष्ट्र के रूप में हमें दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना होगा।

श्री मोदी ने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने डॉ. के कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश ने एक महान वैज्ञानिक खो दिया है। दो दिन पहले डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन हो गया था।

श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विज्ञान, शिक्षा और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।
प्रधानमंत्री ने कहा---

प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. कस्तूरीरंगन ने हमेशा ही नवाचार को महत्व दिया। उन्होंने देश की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में एक पेड़ मॉ के नाम अभियान का जिक्र भी किया।उन्होंने कहा -

श्री मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और सभी से इस अभियान से जुडने की अपील की।

श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष अप्रैल में आर्यभट्ट उपग्रह के प्रक्षेपण के 50 वर्ष पूरे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की यह यात्रा सिर्फ हौसलों से शुरू हुई थी।

श्री मोदी ने कहा कि उस समय के युवा वैज्ञानिकों के पास न तो आधुनिक संसाधन थे और न ही दुनिया की प्रौद्योगिकी तक पहुंच थी।

उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक, महत्वपूर्ण उपकरणों को बैलगाड़ियों और साइकिलों पर लेकर जाते थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि उसी लगन और राष्ट्र सेवा की भावना का परिणाम है कि भारत, आज विश्व की एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बन चुका है।

श्री मोदी ने कहा -

श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि विज्ञान और नवाचार के प्रति बढ़ता आकर्षण भारत को नई ऊचाई पर ले जाएगा।

प्रधानमंत्री ने किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जागरूकता सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा कि अब प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोग अपने मोबाइल पर सचेत ऐप की मदद से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस ऐप में क्षेत्रीय भाषाओं में भी सूचना उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 मई को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वर्षगांठ मनाई जाएगी। श्री मोदी ने गांधी जी की **दांडी यात्रा और** जलियांवाला बाग नरसंहार का जिक्र करते हुए कहा कि अप्रैल महीने के साथ स्वतंत्रता संग्राम के कई अमिट अध्याय जुड़े हैं।

श्री मोदी ने कहा कि देश को अपने इन स्वतंत्रता सेनानियों की अमर प्रेरणाओं को जीवित रखना है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने युवाओं से आग्रह किया कि वे भगवान परशुराम जी के जीआवन से प्रेरणा लेते हुए अपने अंदर के साहस, ज्ञान और सेवा के भाव को जागृत करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा के लिए ऐसे भाव और आदर्शों की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री आज भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान किया कि सभी अपने जीवन में सत्य, निष्ठा और धर्म को अपनाएं तथा एक ऐसा भारत और हरियाणा बनाएं जो आत्मबल से समृद्ध और आत्मा से पवित्र हो।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव न केवल सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से एक विशेष पर्व है, बल्कि यह भारत की महान सनातन परंपरा का भी प्रतीक है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में 31 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की। भगवान परशुराम के नाम पर राजपत्रित अवकाश भी घोषित किया गया है।

कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक, राज्यसभा के सांसद श्री कार्तिकेय शर्मा, श्री सुरेंद्र नागर, श्रीमती रेखा शर्मा, कालका विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा, पूर्व मंत्री श्री विनोद शर्मा और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बिप्लब देब भी उपस्थित रहे।